# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## PRE BOARD EXAMINATION (8 December 2025)
## HINDI COURSE - B
## Class – X (Set – B)

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**सामान्य निर्देश**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
2. इस प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड 'क' (अपठित बोध) *(14 अंक)*

इस खंड में अपठित गद्यांश से संबंधित तीन बहुविकल्पीय (1 × 3 = 3) और दो अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक (2 × 2 = 4) प्रश्न दिए गए हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए (7)

आज कुछ छात्र अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी चला रहे हैं। अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने से तात्पर्य उन छात्रों से है, जो अपना समय, अपने माता-पिता का पैसा और ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं। ऐसे छात्र जो समय, धन और अवसर, तीनों चीज़ों से हाथ धो रहे हैं। वस्तुत: वे अपने जीवन में दु:खी रहने का ही प्रबंध कर रहे हैं, क्योंकि इन तीनों चीज़ों का सदुपयोग ही मनुष्य को सुख प्रदान करता है। आप जिस कार्य को पूरी ईमानदारी तथा लगन से करना प्रारंभ करते हैं, उसमें आपको छोटी या बड़ी सफलता अवश्य मिलती है और जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है, तो रुचि बढ़ने लगती है, लेकिन जब हम किसी कार्य को बिना मन के भाव से करते हैं, तो हमें असफलता का ही सामना करना पड़ता है, जिससे अरुचि उत्पन्न होती है। किसी भी छात्र से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने तन, मन और बुद्धि को श्रेष्ठ बनाए और इसके लिए आवश्यक है कि उसकी अध्ययन तथा खेल दोनों में ही रुचि हो, लेकिन जिन विद्यार्थियों की अध्ययन तथा खेल दोनों में ही अरुचि है, वे अपने पैरों पर कुल्हाड़ी ही चला रहे हैं। खेल या अध्ययन किसी में भी रुचि न होना विद्यार्थी के उदासीन पक्ष को उजागर करता है। जीवन में इस प्रकार का व्यवहार रखकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता, इसलिए विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपनी रुचियों को विकसित करे और जीवन में आगे बढ़े।

(क) अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने से लेखक का आशय (1)
- (*i*) उन छात्रों से है, जो अपना समय बर्बाद करते हैं।
- (*ii*) उन छात्रों से है, जो अपने माता-पिता का पैसा बर्बाद करते हैं।
- (*iii*) उन छात्रों से है, जो ज्ञान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर खो रहे हैं।
- (*iv*) उपर्युक्त सभी

(ख) **कथन** (A) प्रत्येक छात्र के लिए समय, धन और अवसर का सदुपयोग करना अनिवार्य है। (1)

**कारण** (R) समय, धन और अवसर से छात्र अपने जीवन में सुख व सफलता की प्राप्ति कर सकता है।

**कूट**
- (*i*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
- (*ii*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
- (*iii*) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
- (*iv*) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) लेखक के अनुसार, किसी कार्य के प्रति हमारी रुचि का विकास कब होने लगता है? (1)
- (*i*) जब कार्य करने के विषय में सोचते हैं
- (*ii*) जब सफलता मिलनी प्रारंभ होती है
- (*iii*) जब अन्य को असफलता मिलती है
- (*iv*) जब असफलता हाथ लगती है

(घ) गद्यांश के आधार पर बताइए कि किसी भी छात्र से क्या अपेक्षा की जाती है? (2)

(ङ) विद्यार्थियों की अध्ययन तथा खेल दोनों में ही अरुचि होने से कौन-सा पक्ष उजागर होता है तथा उसका क्या परिणाम होता है? (2)

B-1

Scanned with OKEN Scanner

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए (7)

इलेक्ट्रॉनिक क्रांति ने हमारे जीवन को सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक आविष्कारों के माध्यम से संचार-तंत्र को विस्तार एवं व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ रोज़गार के अवसर भी बढ़े हैं। कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, सेलुलर फोन, वॉशिंग मशीन, कैमरा आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण ने मानव सभ्यता को नया आयाम दिया है, पर आज बड़ी संख्या में खराब होने वाली इन्हीं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के अंबार ने ई-कचरे के रूप में एक नई पर्यावरणीय समस्या को जन्म दिया है। ई-कचरे से तात्पर्य उन बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से है, जो अपने मूल उपयोग के उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं रह जाते। ई-कचरे को ई-अपशिष्ट भी कहा जाता है। काफी मात्रा में भारी धातुएँ एवं अन्य प्रदूषित पदार्थों के विद्यमान रहने के कारण ई-अपशिष्ट के रूप में बेकार पड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अन्य व्यर्थ घरेलू उपकरणों की अपेक्षा मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए कहीं अधिक नुकसानदेह होते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में उपयोग आने वाले अधिकतर अवयवों में बायोडिग्रेडेबल होने की विशेषता नहीं पाई जाती है और न ही इनमें मिट्टी में घुल-मिल जाने का गुण होता है। भारत सहित अन्य एशियाई देशों में पश्चिमी देशों की तुलना में ई-कचरे के निस्तारण में काफी कम खर्च आता है। भारत में ई-कचरे का निपटान प्राय: अनौपचारिक पुनर्चक्रण केंद्रों में होता है, जहाँ पुन: उपयोग हेतु इन्हें अलग-अलग किया जाता है, फिर मूल्यवान धातुओं को चुनकर साफ करने के पश्चात् इन्हें अकुशल व विषाक्त उत्पाद व्यवस्था में नष्ट करने की प्रक्रिया से गुजारते हैं। ई-कचरे की समस्या को कम करने एवं इसके दुष्प्रभाव से बचने हेतु ग्रीन पीसी की अवधारणा पर बल दिया जाना चाहिए। ऐसे उत्पादित कंप्यूटरों में बिजली खपत कम होगी, साथ ही ये पर्यावरण को उतना नुकसान भी नहीं करते। देश में ई-कचरे को कम करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। यदि सरकार और जनता दोनों जागरूक हो जाएँ, तो भविष्य में ई-कचरे की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

(क) गद्यांश के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में कौन-सा गुण नहीं होता है? (1)

(i) मनोरंजन का (ii) मिट्टी में घुल जाने का
(iii) सुख-सुविधाएँ प्रदान करने का (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) गद्यांश के आधार पर बताइए कि 'ई-कचरे' को कम करने के लिए क्या आवश्यक है? (1)

1. इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कम खपत 2. कानून निर्माण
3. जैविकीकरण 4. पुनर्चक्रण केंद्रों की संख्या बढ़ाना

**कूट**

(i) केवल 2 (ii) केवल 4
(iii) 2 और 4 (iv) 1 और 2

(ग) **कथन** ई-कचरा मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक होता है।
**कारण** ई-कचरे में भारी धातुएँ और अन्य प्रदूषित पदार्थ शामिल होते हैं। (1)

(i) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है। (ii) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(iii) कथन और कारण दोनों गलत हैं। (iv) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(घ) हमारे देश में ई-कचरे का निपटान कहाँ किया जाता है? (2)

(ङ) 'ई-कचरे' के दुष्प्रभाव से बचाव हेतु किसकी अवधारणा पर बल दिया जाना चाहिए तथा इसका क्या परिणाम होगा? (2)

## खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण) *(16 अंक)*

व्याकरण के लिए निर्धारित विषयों पर अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक 20 प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से केवल 16 प्रश्नों (1 × 16 = 16) के उत्तर देने हैं।

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क) 'लेखक के घर में <u>एक छोटी-सी</u> चिड़िया ने आकर घोंसला बना लिया।' (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।) (1)

(ख) 'हम हमेशा भाग-दौड़ करते रहते हैं।' (क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए।) (1)

(ग) 'शिल्पकार शैलेंद्र ने तीसरी कसम फिल्म में अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ अभिनय किया था।' वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध को रेखांकित कीजिए। (1)

(घ) '<u>बड़े भाई साहब</u> बहुत दुःखी थे।' रेखांकित पदबंध का भेद बताइए। (1)

(ङ) वह लड़का अच्छा लिखता है। वाक्य में सर्वनाम पदबंध को रेखांकित कीजिए। (1)

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (1×4=4)

(क) 'बृजलाल गोयनका वंदे मातरम् बोलते हुए मोनुमेंट की ओर भागे।' वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए। (1)

(ख) जैसा आप लिखते हैं वैसा कोई ओर नहीं लिखता। प्रस्तुत वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए। (1)

(ग) 'जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ।' प्रस्तुत वाक्य को मिश्रित वाक्य में रूपांतरित कीजिए। (1)

(घ) 'राजकपूर एक अच्छे और सच्चे मित्र थे।' रचना के आधार पर प्रस्तुत वाक्य को संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए। (1)

(ङ) 'जब शेख अयाज के पिता कुएँ से लौटे, तब उन्होंने अपनी माँ को एक किस्सा सुनाया।' (रचना की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए।) (1)



Scanned with OKEN Scanner

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) 'निष्कपट' शब्द में कौन-सा समास है?

(ख) 'गुरुदेव' पद में कौन-सा समास प्रयुक्त है? बताइए।

(ग) 'धर्मपरायण' पद समास के किस भेद का उदाहरण है और क्यों?

(घ) 'सात दिनों का समाहार' विग्रह का समस्त पद बनाकर भेद लिखिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास का एक उदाहरण लिखिए।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।
वामीरो की सुंदर छवि तताँरा की आँखों में हर पल ………… रहती थी।

(ख) प्रकृति की मार इतनी भीषण थी कि ऐसा लगा कि सागर ने ……………. छोड़ दिया हो और वह सब कुछ बहा ले जाएगा।

(ग) 'टी-सेरेमनी में जरा-सी भी गलती को बात का बतंगड़ नहीं बनाते थे, बल्कि शांति बनाए रखते थे।' इस वाक्य में से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) 'धज्जियाँ उड़ाना' मुहावरे का इस प्रकार वाक्य में प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ङ) 'प्राणों की परवाह नहीं करना' अर्थ के लिए मुहावरा लिखिए।

## खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) *(28 अंक)*

इस खंड में पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए (1 × 5 = 5)

"इस तरह अंग्रेज़ी पढ़ोगे, तो जिंदगी-भर पढ़ते रहोगे और एक हर्फ़ न आएगा। अंग्रेज़ी पढ़ना कोई हँसी-खेल नहीं है कि जो चाहे, पढ़ ले, नहीं ऐरा-गैरा नत्थू-खैरा सभी अंग्रेजी के विद्वान हो जाते। यहाँ रात-दिन आँखें फोड़नी पड़ती हैं और खून जलाना पड़ता है, तब कहीं यह विद्या आती है और आती क्या है, हाँ कहने को आ जाती है। बड़े-बड़े विद्वान भी शुद्ध अंग्रेज़ी नहीं लिख सकते, बोलना तो दूर रहा और मैं कहता हूँ, तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते। मैं कितनी मिहनत करता हूँ, यह तुम अपनी आँखों से देखते हो, अगर नहीं देखते, तो यह तुम्हारी आँखों का कसूर है, तुम्हारी बुद्धि का कसूर है। इतने मेले-तमाशे होते हैं, मुझे तुमने कभी देखने जाते देखा है? रोज ही क्रिकेट और हॉकी मैच होते हैं। मैं पास नहीं भटकता। हमेशा पढ़ता रहता हूँ। उस पर भी एक-एक दरजे में दो-दो, तीन-तीन साल पड़ा रहता हूँ, फिर भी तुम कैसे आशा करते हो कि तुम यों खेलकूद में वक्त गँवाकर पास हो जाओगे? मुझे तो दो-तीन साल ही लगते हैं, तुम उम्र-भर इसी दरजे में पड़े सड़ते रहोगे? अगर तुम्हें इस तरह उम्र गँवानी है, तो बेहतर है, घर चले जाओ और मजे से गुल्ली-डंडा खेलो। दादा की गाढ़ी कमाई के रुपये क्यों बर्बाद करते हो?"

(क) 'तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते' पंक्ति में 'घोंघा' शब्द से क्या अभिप्राय है–

(*i*) मूर्ख व्यक्ति से
(*ii*) समुद्री जीव से
(*iii*) जंगली जीव से
(*iv*) सिद्धांतवादी व्यक्ति से

(ख) **कथन** (A) अंग्रेजी पढ़ना व लिखना प्रत्येक विद्वान को नहीं आता है।
**कारण** (R) इसे सीखने के लिए खून जलाना नहीं पड़ता है।

**कूट**
(*i*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(*ii*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(*iii*) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(*iv*) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) "बड़े भाई साहब बहुत मेहनत करते हैं, हमेशा पढ़ते रहते हैं, कभी मेले-तमाशे देखने नहीं जाते हैं व कभी खेलते भी नहीं हैं।" कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि बड़े भाई साहब

(*i*) खेलकूद को व्यर्थ समझते हैं
(*ii*) पाठ को समझे बिना व अर्थ जाने बिना रटते रहते हैं
(*iii*) व्यावहारिक ज्ञान को महत्त्वपूर्ण नहीं समझते
(*iv*) ये सभी

(घ) छोटे भाई को घर लौटने का परामर्श दिया जा रहा था,

(*i*) क्योंकि वह पढ़ने की अपेक्षा खेलकूद में समय बर्बाद करता है।
(*ii*) क्योंकि उसे खेलना पसंद नहीं है।
(*iii*) क्योंकि वह मेहनत नहीं करता है।
(*iv*) क्योंकि वह बड़े भाई जितना समझदार नहीं है।

(ङ) बड़े भाई को किस कारण लगता है कि छोटा भाई दादा की सारी कमाई बर्बाद कर रहा है?

(*i*) खेलकूद में अधिक रुचि होने के कारण
(*ii*) बड़े भाई को सम्मान न देने के कारण
(*iii*) स्वयं को अधिक बुद्धिमान समझने के कारण
(*iv*) अध्यापकों का आदर न करने के कारण

Scanned with OKEN Scanner

8. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए (2×3 = 6)

(क) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर बताइए कि कलकत्ता में मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभक्तों ने किस प्रकार अपना योगदान दिया? (2)

(ख) आज सब कुछ बदल गया है। पहले जहाँ समंदर था, दूर-दूर तक घने जंगल थे, वहाँ अब बस्तियाँ बन गई हैं। इन सब बस्तियों ने अनगिनत परिंदों के घर छीन लिए हैं। आपके अनुसार बढ़ती आबादी से पर्यावरण में क्या-क्या परिवर्तन आए हैं? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट करें। (2)

(ग) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के माध्यम से हमने जाना कि व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है। इस पाठ से प्राप्त सीख का वर्णन कीजिए। (2)

(घ) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है? 'गिन्नी का सोना' पाठ के आधार पर बताइए। (2)

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए (1×5=5)

अनंत अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े,
समक्ष ही स्वबाहु जो बढ़ा रहे बड़े-बड़े।
परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी,
अभी अमर्त्य-अंक में अपंक हो चढ़ो सभी।
रहो न यों कि एक से न काम और का सरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

(क) 'परस्परावलंब से उठो तथा बढ़ो सभी' पंक्ति में परस्परावलंब शब्द किस संदर्भ में कहा गया है? (1)

(i) एक-दूसरे का सहयोग लेना
(ii) एक-दूसरे से शत्रुता करना
(iii) एक-दूसरे से छल-कपट करना
(iv) दूसरे से स्वार्थ सिद्ध करना

(ख) 'अंतरिक्ष में अनंत देव हैं खड़े' देव अपनी बाहु को क्यों बढ़ा रहे हैं? (1)

(i) समृद्धि के लिए
(ii) स्वस्थता के लिए
(iii) मार्गदर्शन के लिए
(iv) मदद के लिए

(ग) कवि मनुष्य को किस प्रकार रहने की सलाह देता है? (1)

(i) हिंसा की भावना से
(ii) प्रतिशोध की भावना से
(iii) सहयोग की भावना से
(iv) पराधीनता की भावना से

(घ) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश देना चाहा है? (1)

(i) जीवन की सार्थकता स्वार्थ सिद्धि में है
(ii) जीवन की सार्थकता देवों के व्यवहार में है
(iii) जीवन की सार्थकता कुटिल व्यवहार में है
(iv) जीवन की सार्थकता परोपकार में है

(ङ) **कथन** (A) मनुष्य का जीवन तभी सार्थक है, जब वह दूसरे मनुष्यों के काम आता है। (1)
**कारण** (R) देवता परोपकारी और दयालु मनुष्यों का स्वागत करते हैं।

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

10. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए (2×3=6)

(क) 'मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़'
'पर्वत प्रदेश में पावस'
कविता के आधार पर बताइए कि 'मेखलाकार' शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने इस शब्द का प्रयोग क्यों किया है? (2)

(ख) 'कर चले हम फिदा' कविता के माध्यम से देशवासियों से क्या अपेक्षा की गई है? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख करें। (2)

(ग) मीराबाई, श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य पर किस प्रकार मोहित है? मीरा के अनुसार श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। (2)

(घ) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय बताया? 'साखी' पाठ के आधार पर बताइए। (2)

11. पूरक पाठ्यपुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए (3×2=6)

(क) "पुरानी पुस्तकों में से ऐसी गंध आने लगती कि मन बहुत उदास होने लगता था।" यह कथन लेखक के किस मनोभाव को दर्शाता है।" (3)

B-4

Scanned with OKEN Scanner

(ख) "पत्नी, बेटे, भाई-बंधु सब स्वार्थ के साथी हैं।" 'हरिहर काका' कहानी में महंत के इस कथन के माध्यम से लेखक मानव संबंधी की किस वास्तविकता पर प्रकाश डालना चाहते हैं? (3)

(ग) "टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे, पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे तथा टोपी और इफ़्फ़न अपनी दादी के बदलने की बातें किया करते थे।" कथन के आलोक में 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर अपने विचारों को स्पष्ट किजिए (3)

## खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन) *(22 अंक)*

इस खंड में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए (5)

(क) **गया समय फिर हाथ नहीं आता**

संकेत बिंदु
- समय ही जीवन है
- समय का सदुपयोग
- समय के दुरुपयोग से हानि
- उपसंहार

(ख) **मेरे सपनों का भारत**

संकेत बिंदु
- भारत के बारे में मेरे विचार
- सुखी समृद्ध भारत
- सांप्रदायिकता आदि से मुक्त उन्नत भारत की चाह

(ग) **ऑनलाइन शिक्षा : शिक्षा जगत में नवीन क्रांति**

संकेत बिंदु
- ऑनलाइन शिक्षा का अर्थ और विस्तार
- ऑनलाइन शिक्षा की चुनौतियाँ
- ऑनलाइन शिक्षा के लाभ

13. डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालयों में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित करने हेतु राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (5)

*अथवा*

दैनिक समाचार-पत्र के संपादक के नाम मिलावटी दूध की बिक्री के संबंध में लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

14. विद्यालय की वित्तीय योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए विद्यालय की वित्त समिति की एक बैठक आयोजित होनी है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए। (4)

*अथवा*

आप दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मैनेजर हैं। सुरक्षा संबंधी कारणों से आज मेट्रो विशेष रूट पर नहीं चलेगी, इस विषय पर यात्रियों को सूचित करते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए।

15. एक कोचिंग संस्थान की ओर से लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

*अथवा*

अपनी पुरानी रेसिंग साइकिल बेचने के लिए उसकी खूबियाँ बताते हुए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

16. आप आलोक शर्मा/साक्षी शर्मा हैं। आपने किसी कंपनी से ऑनलाइन सामान मँगवाया था पर वह खराब निकला। कंपनी को सामान की जानकारी देते हुए सही सामान भेजने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। (5)

*अथवा*

किसी गाँव में एक किसान अपने परिवार के साथ रहता था। एक वर्ष सूखा पड़ने के कारण ········ पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा को पूरा कीजिए।



Scanned with OKEN Scanner